# दिवाली सभी के जीवन में समृद्धि लाए

## दीपावली की सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं



**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 20 अक्टूबर**– दीपावली मां लक्ष्मी से यही प्रार्थना है कि सभी लोगों मां लक्ष्मी का आशीर्वाद बना रहे. अमरावती संभाग की दिन दूना रात चौगुनी तरक्की हो और लोगों को जीवन समृद्ध बनें.

श्वेता सिंघल (विभागीय आयुक्त)



### किसानों की मदद करें



अमरावती- दिवाली की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं, सभी नागरिकों से यही विनती है कि किसान इस दौरान संकट से गुजर रहे हैं, इसलिए इस दिवाली उनकी मदद के लिए स्वेच्छा से आगे आएं. किसान समृद्ध रहेगा तो चारों तरफ समृद्धि की बहार होगी.

**संजीता मोहपात्र** (सीईओ, जिला परिषद)

### पर्यावरण और अपनी संपत्ति का रखें ध्यान



दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं. दीपावली के त्योहार पर पटाखे चलाते वक्त समय का विशेष ध्यान रखा जाए. ग्रीन पटाखे तथा कम आवाज वाले पटाखों का अधिक इस्तेमाल करें, जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहे. इसके अलावा अपने घर पर पूजा पाठ तथा अलमारी में रखें सोने जेवरात जैसी संपत्ति को सुरक्षित रखें.

**अरविंद चावरिया** (पुलिस आयुक्त, अमरावती शहर)

### दीपावली की तरह जीवन में भी लाएं प्रकाश



दीपावली त्यौहार को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है. इसी तरह दीपावली के साथ लोगों को अपने जीवन में प्रकाश लाने के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए. पटाखे चलाते वक्त समय का विशेष ध्यान रखें. सफर के दौरान महंगे गहनों को पहन कर सफर न करें. किसी भी तरह की घटना होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें. **विशाल आनंद** (पुलिस अधीक्षक, अमरावतीः ग्रामीण)

### बाजार में दोपहिया का इस्तेमाल करें



दीपावली के समय बाजार में खरीदारी के लिए आए लोगों की भीड़ दिखाई देती है, ऐसे समय पर नागरिकों को दोपहिया का इस्तेमाल करें. वाहनों को सुरक्षित पार्किंग में रखते हुए खरीदारी करें. यातायात नियमों का पालन करते हुए पुलिस को सहयोग करें ताकि किसी भी आम नागरिक को परेशानी ना हो.

प्रवीण वांगे (एसीपी, यातायात विभाग)

### परिवार के साथ सुरक्षित दिवाली मनाए



परिवार के साथ रहकर सभी शहरवासी सुरक्षित दिवाली मनाएं, सभी तरह से सावधान रहते हुए बाजार में खरीदारी करें. अपनी वजह से किसी को परेशानी ना हो इसका मुख्य ध्यान रखा जाए. घर से बाहर जाने के पहले अपने कीमती जेवरात तथा सामग्री की पूरी तरह से सुरक्षा करें.

**गणेश शिंदे** (पुलिस उपायुक्त)

### अंधकार को हटाकर जीवन में प्रकाश भरें



सभी पुराने मनमुटाव को दूर करते हुए नई उमंग के साथ दीपावली मनाएं. अंधकार को हटाकर भविष्य में अच्छे कार्य की शुरूआत करते हुए जीवन में प्रकाश लाएं. भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए जागृत रहकर भ्रष्टाचार का पूर्ण तरीके से विरोध करें.

**सुनील किंगे** (पुलिस उपाधीक्षक, एंटी करप्शन ब्यूरो)

### मिलजुल कर उमंग के साथ दिवाली मनाएं



सभी नागरिकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं. दीपावली हमारा सबसे बड़ा त्यौहार माना है, इसलिए मिलजुल कर खुशियों के साथ नई उमंग को साथ लेकर यह त्यौहार मनाएं. बाहरगांव जाते समय आस-पड़ोस तथा पुलिस को सूचित करें.

**किरण वानखेडे (पुलिस निरीक्षक, ग्रामीण अपराध शाखा)**

### खरीदी के समय सजग रहें



दीपावली पर लोगों में खरीदी का उत्साह रहता है. नागरिकों से यही कहना है कि ऑनलाइन तथा ऑफलाइन खरीदी करते समय पूरी तरह से सजग रहें. किसी भी व्यक्ति को अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी बिल्कुल ना दें. डिजिटल अरेस्ट तथा डबल प्रॉफिट जैसे झांसे में न फंसें. अपने धन और अपनी संपत्ति की सुरक्षा रखते हुए दीपावली त्यौहार मनाए

**महेद्र अंभोरे** (पुलिस निरीक्षक, साइबर सेल)

### सुरक्षा बरतते हुए मनाएं दीपावली त्यौहार




सभी शहर वासियों की दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं. पटाखों से किसी को तकलीफ न हो इसका विशेष ध्यान रखें. छोटे बच्चों को पटाखों से दूर रखें. पुलिस को हमेशा सहयोग करते हुए अपनी सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से जागृत रहें.

संदीप चौहान (पुलिस निरीक्षक, अपराध शाखा)

# नकली नोट गिरोह का एक और साथी चांदूर बाजार से गिरफ्तार

## चार दिनों से एटीएस और आईबी के अधिकारी आरोपियों से कर रहे पूछताछ कई बड़े मगरमच्छ पुलिस के रडार पर, अब तक 6 आरोपी सलाखों के पीछे



**अमरावती.** नांदगांव पेठ में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 500 रुपए के 53नकली नोच जब्त किए गए थे. इस मामले में रविवार को पुलिस ने चांदूर बाजार से दो आरोपियों को हिरासत में लिया था. इसके बाद सोमवार, 20 अक्टूबर को पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. अदालत ने गिरफ्तार किए गए आरोपी को 2 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है. गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम साहिल गडबेल (बेलोरा, चांदूर बाजार) है. पिछले चार दिनों से नांदगांव पेठ पुलिस थाने में डेरा डालकर बैठे एटीएस और आईबी द्वारा आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है. इस मामले में और भी कई बड़े मगरमच्छ पुलिस के रडार पर बताए गए हैं. नकली नोट के व्यापार को लेकर अब तक के पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

बता दे की नांदगावपेठ थाना क्षेत्र में रात के समय नकली नोट चलन में लाने की जानकारी मिलते ही 15 अक्टूबर को पुलिस ने थाना क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को विरासत में लिया था. उनके पास से 26500 रुपए के नकली नोट बरामद हुए थे. मामले की गंभीरता को देखते हुए एटीएस और इंटेलीजेंस ब्यूरो के अधिकारियों ने पुलिस थाने में डेरा डालते हुए आरोपियों से अपने तरीके से पूछताछ शुरू की. जिसके बाद पुलिस ने दयार्पुर से चौथे आरोपी आदित्य को गिरफ्तार किया उसके बयान पर दूसरे दिन शेगांव से यश बर्वे को गिरफ्तार किया गया. इस मामले में लगातार आरोपियों की संख्या बढ़ती जा रही है. वहीं अब रविवार को पुलिस ने चांदूर बाजार के बेलोरा गांव से साहिल गडबेल नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है. अदालत में उसे दो दिन पुलिस कस्टडी में रखने की आदेश दिए हैं. जानकारी यह भी है कि इस मामले में दो से तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया जा सकता है. इसके चलते नकली नोट प्रकरण में कई नए खुलासे हो सकते हैं.

### मामले की तह तक पहुंच रही पुलिस

उल्लेखनीय है कि दीपावली के पहले नांदगाव पेठ पुलिस ने इस नकली नोट मामले का पदार्फाश किया. नहीं तो अब तक न जाने कितने व्यापारियों को ये आरोपी चूना लगा चुके होते. पुलिस मामले की तह तक जाने के लिए एक के बाद एक आरोपियों की धराकड़ कर रही है. अब तक की कार्रवाई को देखते हुए पुलिस जांच सराहनीय मानी जा रही है. उम्मीद जताई जा रही है कि पुलिस निरीक्षक दिनेश दहातोंडे के मार्गदर्शन में जल्द ही बड़े मगरमच्छ गिरफ्तार होते हुए दिखाई देंगे.

### अब तक 6 आरोपी गिरफ्तार

नकली नोट के मामले में पुलिस में सबसे पहले आरोपी संचित अरविंद चव्हाण, दीपक बाबूलाल खंडारे और संघरत्न राजेंद्र मोटघरे को गिरफ्तार किया था. इसके बाद आदित्य रामेकर और शेगांव से यश बर्वे को पुलिस ने गिरफ्तार किया था. अब पुलिस ने चांदूर बाजार के बेलोरा से साहिल गडबेल को गिरफ्तार किया है.

# कोली महादेव वाघदेवता की वाद्यों की गूंज में पारंपारिक पूजा

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 20 अक्टूबर** - वसुबारस पर्व निमित्त आदिवासी कोली समाज के आराध्य दैवत वाघदेवता की पारंपारिक पूजा वाद्यों की गूंज में आदिवासी संस्कृति के अनुसार की गई. यह पूजा आदिम उमेश महादेवराव ढोणे ने, पारंपारिक आदिवासी वाद्यों की गूंज में संपन्न की. यह धार्मिक व सांस्कृतिक प्रक्रिया आदिवासी समाज की परंपरा का जतन और संवर्धन करते हुए अध्यात्मिक श्रध्दा का प्रतिक मानी जाती है.




# शिवसेना महानगर में तीन शहर प्रमुखों की नियुक्ति

## शिवसेना की मुंबई बैठक में शहर प्रमुख सहित अन्य पदों की घोषणा











**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 20 अक्टूबर**– आगामी स्थानीय निकाय संस्थाओं के चुनावों को देखते हुए शिवसेना बाळासाहब भवन, मुंबई में संपन्न बैठक में शिवसेना के शहर प्रमुख, उपजिला प्रमुख उसी प्रकार अन्य महत्वपूर्ण पदों की नियुक्ति घोषित की गई. शिवसेना मुख्य नेता उसी प्रकार महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आदेशानुसार उसी प्रकार शिवसेना नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंदराव अड्सूल व शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक कैप्टन अभिजीत अड्सूल व उपनेता पूर्व विधायक धाने पाटिल के मार्गदर्शन के अनुसार व शिवसेना जिला प्रमुख संतोष बद्रे की प्रमुख उपस्थिति में निम्न पदाधिकारियों की नियुक्ति घोषित की गई. अमरावती विधानसभा उप जिला प्रमुख संजय पळसोदकर, अमरावती विधानसभा शहर प्रमुख अजय महल्ले, बडनेरा विधानसभा शहर प्रमुख सुनील राऊत, बडनेरा विधानसभा शहर प्रमुख विवेक पवार, बडनेरा विधानसभा संगठक समीर कोरपे, अमरावती विधानसभा शहर संगठक पंकज मुडे, बडनेरा विधानसभा शहर संगठक मुकेश उसरे, बडनेरा विधानसभा शहर समन्वयक रुद्र तिवारी, बडनेरा विधानसभा शहर संगठक पुरुषोत्तम हरडे, अमरावती विधानसभा शहर समन्वयक संतोष मनोहर तथा बडनेरा विधानसभा शहर समन्वयक पराग पुनशे की नियुक्ति की गई. सभी पदाधिकारियों की शिवसेना बाळासाहब भवन, मुंबई से उपरोक्त नियुक्तियां घोषित की गई हैं.

# जिप व पंस आरक्षण पर 17 आपत्तियां

## संभागीय आयुक्तालय में 28 को सुनवाई

### 31 को जारी होगा अंतिम आरंक्षण

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 20 अक्टूबर** - जिला परीषद गुट और पंचायत समिती गण के आरक्षण जाहिर हुये है, इस पर संपूर्ण जिले से 17 शिकायतें मिली है, ऐसी जानकारी है. नये क्रमरचना के अनुसार रहनेवाली आरक्षण पध्दती पर उपरोक्त आपत्ती है. इस पर 28 अक्टूबर को संभागीय आयुक्त कार्यालय में सुनवाई होनेवाली है. उसके बाद 31 अक्टूबर को अंतिम आरक्षण प्रसिध्द किया जायेगा.

राज्य में जिला परिषद और पंचायत समितियों के चुनाव की सरगर्मियां शुरु हो चुकी है. मतदाता सूचि का कार्यक्रम के बाद अब आरक्षण कार्यक्रम भी आयोग की ओर से जाहिर किया गया. इस कार्यक्रम के अनुसार, जिलाधिकारी ने अनुसुचित जाती और अनुसुचित जनजाती के लिये जगह निश्चित करने का प्रस्ताव 6 अक्टूबर तक विभागीय आयुक्त के पास प्रस्तुत किया गया. उसके बाद विभागीय आयुक्त ने इस प्रस्ताव को 8 अक्टूबर को प्रसिध्द करने के बाद प्रत्यक्ष ड्रा 13 अक्टूबर को निकाला गया. 14 अक्टूबर को प्रारूप आरक्षण अधिसूचना जाहिर की. नागरिकों को प्रारूप आरक्षण पर आपत्तियां और सूचना दर्ज कराने के लिये 16 अक्टूबर से 17 अक्टूबर यह समयावधी दिया गया था. इसमें 17 शिकायतें प्राप्त हुयी है, ऐसी जानकारी है. जिलाधिकारी प्राप्त हुयी आपत्तियों व सुचनाओं रिपोर्ट तैयार कर संभागीय आयुक्त के पास 27 अक्टूबर तक प्रस्तुत करेंगे. उसके बाद संभागीय आयुक्त अंतिम निर्णय लेकर 31 अक्टूबर को आरक्षण निश्चित करेंगे. अंतिम आरक्षण की अधिसूचना 3 नवंबर को शासन राजपत्र में प्रकाशित होनेवाली है. उसके बाद चुनाव को गती आनेवाली है.



# तीन मंजिला इमारत में होगी नाट्य और संस्कृति की प्रस्तुतियां

## अंबापेठ में साकार हो रहा मिनी सांस्कृतिक भवन

### सांसद डॉ. अनिल बोंडे की 1 क रोड़ रुपए की विकास निधि दी



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 20 अक्टूबर.** अंबानगरी वैसे भी सांस्कृतिक और शिक्षा की नगरी कहलाती है. यहां संस्कृति के अनेक आयोजन होते आए हैं. अंबानगरी पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व रखती है. इसी क्रम में यहां से नानाविध कलाकार जन्मे और उन्होंने अपनी कलात्मक रचनाओं से छाप छोड़ी है. अतः सांस्कृतिक भवन की सदा से ही आवश्यकता रही है. जिसे ध्यान में रखकर करीब ढाई दशक पहले भव्य दिव्य संत ज्ञानेश्वर सांस्कृतिक भवन मोर्शी रोड पर तत्कालीन पालकमंत्री जगदीश गुप्ता के प्रयासों और पहल से साकार हुआ. अब अंबा पेठ में मिनी सांस्कृतिक भवन साकार हो रहा है. जिसके लिए बीजेपी नेताओं एड. प्रशांत देशपांडे, प्रवीण वैश्य व अन्य ने प्रयास किए हैं. सांसद डॉ. अनिल बोंडे ने अपने विकास फंड से 1 करोड रूपए की राशि उपलब्ध करवाई है. यह सांस्कृतिक भवन, कला दालन, योग भवन व खेल गतिविधियों का केन्द्र रहेगा.



### शहर के मध्य भाग में सुविधापूर्ण

अंबापेठ शहर का हार्ट ऑफ द टाउन कहा जाता है. यहां शिक्षा संस्था गुजराती एजुकेशन सोसायटी स्थापित है. उसी प्रकार जैन स्थानक और उजंबावाडी जैसे आयोजन स्थल मौजूद है. शहर के मध्यभाग में सुविधापूर्ण भवन दलों से लेकर संस्थाओं सभी के लिए बेहद उपयोगी रहने की बात कला और संस्कृति से जुड़े लोगों ने कही है. उन्होंने भवन निर्माण का स्वागत किया है. निर्माण कार्य तेजी से होने की आशा व्यक्त की है. भवन में सभी नागरी सुविधाओं के साथ इन बिल्ट कार्यालय, जनरेटर रूम आदि रहेंगे.

### थमी हुई गतिविधियां होगी शुरू

शहर में सांस्कृतिक गतिविधियां हमेशा ही बहुप्रमाण में होती आयी है. इसके लिए महापालिका का टाउन हॉल भी बड़ा उपयोगी सिध्द हुआ है. इसी कड़ी में अब अंबा पेठ का यह संस्कृति भवन भी साकार होने पश्चात बहुपयोगी होने की आशा सभी व्यक्त कर रहे हैं. विशेषकर कला क्षेत्र के लोगों को ऐसे सीमित आसनों वाले भवन की आवश्यकता थी. अनेक छोटी बड़ी कला व सांस्कृतिक एवं साहित्य की संस्थाओं के आयोजनों हेतु यह भवन बडा उपयोगी रहने का दावा किया जा रहा है. टाउन हॉल पिछले 5 बरस से बंद होने के कारण संस्थाओं को अपने कार्यक्रम सुदूर के भवनों में आयोजित करने पड़ रहे हैं.

### तीन मंजिला भवन

अंबापेठ की मणिबाई गुजराती हाईस्कूल के ठीक बगल में यह भवन साकार होने जा रहा है. रेलवे ट्रैक की ओर से यह करीब 3 हजार वर्गफीट के प्लॉट पर भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाने की जानकारी बीजेपी शहर जिला उपाध्यक्ष प्रवीण वैश्य ने दी. उन्होंने बताया कि भवन के तीन माले होंगे. एक मंजिल नाट्य और दूसरी सांस्कृतिक आयोजनों के लिए रहेगी. उसी प्रकार वहां और भी कला व संस्कृति संबंधी बातों को रखा जायेगा. अगले वर्ष भवन साकार हो जाने का विश्वास प्रवीण वैश्य ने व्यक्त किया.

# भाजपा उपाध्यक्ष ने पारधी बेडे के बच्चों संग मनाई दिवाली

## टी-शर्ट, पैंट, फ्रॉक, साड़ियां, फराल (मिठाइयां), चॉकलेट का वितरण

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 20 अक्टूबर**- दिवाली की पूर्व संध्या पर पूर्व पार्षद एवं भाजपा उपाध्यक्षा सुरेखा लुंगारे ने पारधी बस्ती के बच्चों के साथ दिवाली का पर्व उत्साह के साथ मनाया. इस समय बच्चों को टी-शर्ट, पैंट, फ्रॉक, साड़ियां, दिवाली का फराल (मिठाइयां) और चॉकलेट बांटी गई. उस समय बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने मिला. पारधी समाज की युवा महिला निकिता पवार जो वर्तमान में जलसंपदा विभाग में ट्रेसर के रूप में कार्यरत हैं और पीएचडी की पढ़ाई भी कर रही हैं उन्होंने 50-60 पारधी बच्चों को एक साथ इकट्ठा कर उन्हें शिक्षित करने का संकल्प लिया है. कई वर्षों तक खुले मैदान में चलने वाली इस 'खुली पाठशाला' को अब एक सुंदर रूप मिल चुका है. निकिता पवार ने इन बच्चों को भी दिवाली का महत्व समझाया जाये, साथ ही उन्हें भी त्योहार का आनंद लेने का मौका मिले इस उद्देश्य दिवाली की पूर्व संध्या पर दिवाली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया था. इस अवसर पर बोलते हुए सुरेखा लुंगारे ने कहा कि समाज में जो उपेक्षित वर्ग हैं, जिन्हें हम शहर के चौक-चौराहों पर देखते हैं, सिग्नल पर भीख माँगते हुए बच्चों के रूप में देखते हैं. वे ही इस देश के वे बच्चे हैं जिन्हें शिक्षा का कोई अवसर नहीं मिला. उन्हें यह भी नहीं पता कि कैसे खाना है, कैसे रहना है. ऐसे बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने का जो कार्य हमारी बहन निकिता पवार कर रही हैं, वह अत्यंत प्रशंसनीय है.पहले चार वर्षों तक निकिता ने इन बच्चों को खुले मैदान में बैठाकर शिक्षा दी. अथक प्रयासों के बाद उन्होंने 'निराधार फासे पारधी विकास संस्था' के नाम से चार एकड़ भूमि प्राप्त की और वहां 'मैत्रेय हॉस्टल' की स्थापना की. जहां बच्चों के रहने, खाने और पढ़ने की संपुर्ण व्यवस्था की गई है. इसके लिए मैं निकिता का हृदय से अभिनंदन करती हूं. हर वर्ष दिवाली के अवसर पर इन वंचित बच्चों के जीवन में थोड़ा उजाला और आनंद लाने का अवसर प्रदान किया जाता है. इस अवसर पर दिगंबर लुंगारे, डॉ. रसिका राजनेकर, माला दळवी, संस्था की अध्यक्ष रेणूका पवार और निकिता पवार प्रमुखता से उपस्थित थे. कार्यक्रम की प्रास्तावना निकिता पवार ने रखी. आभार रेणूका पवार ने माना.



# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर शस्त्र पूजन

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**

**पथ्रोट, 20 अक्टूबर**- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष प्रित्यर्थ पथ्रोट मंडल का विजयादशमी व शस्त्र पूजन उत्सव ग्राम पंचायत के प्रांगण पर मनाया गया. सर्वप्रथम प्रतिमा का पूजन व उसके बाद ध्वजारोहण किया गया. इस अवसर पर प्रमुख वक्ता संघकार्यवाहक सतीश जोशी ने उपस्थितों को मार्गदर्शन दिया. इस अवसर पर शरद जोशी, कमलेश भात, पंकज भगते, प्रदीप सिध्दकार व ब्रह्मानंद जठाळे सहित भाजपा नेता, कार्यकर्ता तथा आरएसएस के पदाधिकारी उपस्थित थे.

